>

Title: Regarding problem in mobile network in Meerut/Panchsheel Nagar, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रदान की जा रही मोबाइल सेवा के नेटवर्क के अक्सर गायब रहने से आम उपभोक्ताओं को होने वाली कठिनाइयों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मेरठ-हापुड़ के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में भारत संचार निगम लिमिटेड का मोबाइल नेटवर्क निरन्तर कई-कई घंटों तक गायब हो जाता है। विशेषकर, जिला पंचशील नगर के मुख्यालय हापुड़ में लगभग प्रतिदिन यह गायब रहता है। शाम के समय तो स्थिति बहुत ही खराब हो जाती है। उपभोक्ता कॉल करने के लिए कई बार एक-एक, डेढ़-डेढ़ घंटे तक कोशिश करते हैं और कॉल मिलती नहीं है। अगर मिलती भी है तो कॉल ड्रॉप की बहुत समस्या है। तीन-तीन, चार-चार बार में उसकी बात पूरी हो पाती है। अन्य नेटवर्क से यह समस्या नहीं है। मुझे समझ में नहीं आता कि बी.एस.एन.एल. के नेटवर्क में यह कठिनाई क्यों है?

मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उपभोक्ताओं की उपरोक्त कठिनाइयों को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाएं और उसका निराकरण करें।